प्रेस विज्ञप्ति जनपद बरेली

दिनांक 27.02.2026

यूपी-112 परियोजना के द्वितीय चरण में बरेली में 16 नई पीआरवी वाहनों का शुभारंभ।

आज दिनांक 27.02.2026 को बरेली में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपातकालीन सेवाओं को प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। यूपी-112 मुख्यालय, लखनऊ से प्राप्त 16 नवीन पुलिस रिस्पॉन्स वाहन (पीआरवी 16-स्कॉर्पियों) को **श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।** ये आधुनिक तकनीक से सुसज्जित वाहन जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपातकालीन स्थितियों से त्वरित निपटान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे आमजन के जीवन में सुरक्षा और सुविधा बढ़ेगी।

उपलब्ध सुविधाएँ:-

1. जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम
2. इन्टरनेट वायरलेस संचार व्यवस्था
3. बॉडी वार्न कैमरा
4. प्राथमिक चिकित्सा किट
5. स्मार्ट एप्पल आई पैड/सेमसंग मोबाइल डिवाइस
6. क्राइमसीन प्रोटेक्शन किट
7. येलो टेप
8. बॉडी बेग
9. टॉर्च विद रिचार्जेबल बैटरी
10. रेन कोट एवं रिफ्लेक्टिव जैकेट
11. रस्सी
12. वाटर केम्फर 10 लीटर
13. दंगा नियंत्रण उपकरण

यह पहल बरेली में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

#bareillypolice